# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/10/25 – 73 ,राँची/दिनांक: 02/09/2025

**बी॰एससी॰ नर्सिंग (बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025 के परीक्षाफल प्रकाशन (Result Publication) तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ऑनलाईन साक्षात्कारों से संबंधित आवश्यक सूचना**

दिनांक– 26.07.2025 को आयोजित बी0एससी0 नर्सिंग (बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा –2025 में सम्मिलित हुए परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा का परीक्षाफल जारी कर दिया गया है जिसे पर्षद के अधिकृत वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Result Column में प्रतियोगिता परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षाफल अधःभारित (Download) कर सकते हैं।

2. परीक्षाफल को अधिक पारदर्शी बनाने के मद्देनजर सभी परीक्षार्थियों के Answer OMR Sheets को स्कैन कर उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर भारित (Upload) कर दिये गये हैं जिसे दिनांक–02.09.2025 से अधःभारित किया जा सकता है। साथ ही उक्त परीक्षा के चारों सेटों के प्रश्न–पत्रों के उत्तर कुंजियाँ (Answer Keys) पर्षद के वेबसाईट पर दिनांक–29.07.2025 को जारी करते हुए दिनांक–01.08.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक परीक्षार्थियों से प्राप्त आपत्तियों के विरूद्ध विषय विशेषज्ञों का मंतव्य प्राप्त कर, आपत्तियों का निराकरण करते हुए, अंतिम/संशोधित उत्तर कुंजियाँ (Final/Revised Answer Keys) पर्षद के वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये है। उक्त के हीं आधार पर परीक्षाफल को तैयार किया गया है।

3. राज्य के नर्सिंग संस्थानों (सरकारी नर्सिंग संस्थानों के सभी सीटों एवं गैर–सरकारी संस्थानों के 50% मुक्त सीटों) के बी0एससी0 नर्सिंग (बेसिक) पाठ्यक्रम में नामांकन की अनुशंसा हेतु प्रथम, ऑनलाईन साक्षात्कार दिनांक–03.09.2025 से आयोजित की जा रही है।

4. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के झारखण्ड राज्यांतर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन (संशोधन) नियमावली, 2024 के आलोक में नर्सिंग पाठ्यक्रमों के प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षाओं के परीक्षाफल में उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। बी0एससी0 नर्सिंग (बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025 प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के **http://jceceb.jharkhand.gov.in** के डाउनलोड कॉलम में देखी जा सकती है।

5. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम साक्षात्कार से नामांकित होंगे तथा रिक्त बचे सीटों पर संस्थान परिवर्त्तन चाहेंगे हैं, तो वे भी द्वितीय एवं तृतीय ऑनलाईन साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि द्वितीय एवं तृतीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार में उन्हें सीट पुनर्आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

6. बी0एससी0 नर्सिंग (बेसिक) पाठ्यक्रम की सीटों के आवंटन हेतु आयोजित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ऑनलाईन साक्षात्कारों का कार्यक्रम निम्न प्रकार है :–

**Time Schedule for 1st Round of Online Counselling for B.SC Nursing (Basic) Course**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Online Registration and Choice Filling for seat Allotment | 03.09.2025 to 06.09.2025 |
| 2. | Editing in filled up choices if needed | 07.09.2025 |
| 3. | Issue of Provisional seat Allotment Letter | 09.09.2025 |
| 4. | Documents Verification and Admission in the concerned nursing Institute | 10.09.2025 to 13.09.2025 |

**Time Schedule for 2nd Round of Online Counselling for B.SC Nursing (Basic) Course**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Display of Seat Matrix | 14.09.2025 |
| 2. | Online Registration and Choice Filling for seat Allotment | 14.09.2025 to 16.09.2025 |
| 3. | Issue of Provisional seat Allotment Letter | 18.09.2025 |
| 4. | Documents Verification and Admission in the concerned nursing Institute | 19.09.2025 to 21.09.2025 |

**Time Schedule for 3rd Round of Online Counselling for B.SC Nursing (Basic) Course**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Display of Seat Matrix | 22.09.2025 |
| 2. | Online Registration and Choice Filling for seat Allotment | 23.09.2025 to 24.09.2025 |
| 3. | Issue of Provisional seat Allotment Letter | 26.09.2025 |
| 4. | Documents Verification and Admission in the concerned nursing Institute | 26.09.2025 to 30.09.2025 |

7. बी0एससी0 नर्सिंग (बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची में शामिल सभी अभ्यर्थी उपलब्ध संस्थानों/पाठ्यक्रमों में से अपने लिये पाठ्यक्रम/संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध Click here for All Online Counselling JCECEB-2025 Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों का चयन कर लें। **विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें।**

8. वांछित प्रमाण पत्रों यथा स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र का प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है।

9. **साक्षात्कार शुल्कः–** अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

| Sl.No. | Category | Counselling Fee |
|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| 2. | Female Candidate of all categories | Rs. 250.00 |

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)
उप परीक्षा नियंत्रक